कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 16.12.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में
महिलाओं के संरक्षण एवं अधिकार पर कार्यशाला

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग एवं महिला उत्पीड़न शिकायत एवं निवारण समिति के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के ''संरक्षण एवं अधिकार'' के लिए नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 के अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा से निपटने हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री प्रीतिबाला शर्मा, चंद्रप्रकाश पटेल एवं चन्द्रप्रभा पटेल उपस्थित रहें।

इस अवसर पर गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 अमिता सहगल ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से महाविद्यालयीन छात्राओं के लाभ के लिए किया जा रहा है। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता प्रीतिबाला शर्मा ने बताया कि पीड़ित महिलाओं के सहायता हेतु ''सखी'' वन स्टॉप योजना, महिला हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 181 उपलब्ध कराया गया है। जिसका लाभ महिलाओं को उठाना चाहिए। श्री चन्द्रप्रकाश पटेल ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, टोनही प्रताड़ना निवारण के कानून, घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी सविस्तार दी। सुश्री चन्द्रप्रभा पटेल ने महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, मिशन वात्सल्य, चाइल्ड लाइन एवं PACSO Act 2012 के बारे में छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में गृहविज्ञान की प्राध्यापिकाऐं, महिला उत्पीड़न समिति की संयोजक डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल एवं छात्राऐं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। आभार प्रदर्शन कु0 तब्बसुम अली ने किया।

(डॉ0 एस0 सी0 तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग